an>

Title: Regarding Irrigation system at Bundelkhand.

कुँवर पुÂपेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। मैं बुंदेलखण्ड क्षेत्र से आता हूँ। हमारे बुंदेलखण्ड में पिछले दस वÂााें से लगातार सूखा पड़ रहा है। सारे किसान पलायन के लिए मजबूर हैं। हमारे यहां किसान बड़े आशान्वित हैं, माननीय प्रधान मंत्री जी ने जो प्रधान मंत्री कृÂिा योजना की जो शुरूआत की है, मेरा भारत सरकार से आपके माध्यम से विनम्र निवेदन है कि पहले हिंदुस्तान के बहुत बड़े हिस्सों में कई जगह सिंचाई की पूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। सिंचाई की योजना में कुछ प्रावधान किया जाए कि सबसे पहले बुंदेलखण्ड में सिंचाई की व्यवस्था सुदृढ़ हो, उसके बाद कहीं दूसरी जगह पर काम प्रारंभ किया जाए और देश के जितने सूखे हिस्से हैं, सबसे पहले उनको इसमें लिया जाए, ताकि किसानों का भला हो और मेरे क्षेत्र से यह पलायन रूक सके, नौजवानों को रोज़गार मिल सके और लोग वहीं पर अपने बुजुर्गों की सेवा कर सकें।

माननीय उपाध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को **कुँवर** पुÂपेन्द्र सिंह चन्देल द्वारा उठाए गए विÂाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।